बरसाना की रंगीली गली में बरसाती हुरियारिनें लाठियां

बरसाना लट्ठमार होली : हुरियारिनों की प्रेम पगी लाठियां खाने के लिए हर कोई हुआ बेताव, रंग गुलाल से सराबोर हुई रंगीली गली

अशफाक चौधरी

मथुरा। सोमवार की शाम को बरसाना की रंगीली गली में लठामार होली का उत्सव शुरू हुआ। बरसाना में हुरियारिनों ने नंदगांव के हुरियारों को लाठियों से पीटा। बरसानावासियों ने उन पर छतों से रंग बरसाया। यह दृश्य देख मानों कुछ समय के लिए समय भी ठहर गया हो। चहुंओर खुशी और रंगों का उत्सव है।

मंगलवार को राधा रानी की नगरी बरसाना में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ पहुंची। यहां तिल रखने तक की जगह नहीं रही। सड़कें रंगों से सराबोर रहीं। श्रद्धालुओं ने होली उत्सव का भरपूर आनंद लिया। इस मौके पर राधा-कृष्ण के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। इससे पहले हुरियारे प्रिया कुंड से भगवान श्रीकृष्ण के स्वरूप ध्वजा को लेकर श्रीजी मंदिर के लिए निकले। इस दौरान उन पर हेलीकॉप्टर से फूल बरसाए गए। हुरियारों और हुरियारिन के बीच संगीत प्रतियोगिता आयोजित हुई। फाग गीतों से पूरा बरसाना झूम उठा। पुरुष मनमग्न होकर नृत्य करते रहे। आईजी आगरा, जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार और एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय लठामार होली पूरे दिन व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए लठमार होली का आनंद लेते नजर आए।

सोमवार सुबह से ही समूची बरसाना राधा नगरी उत्साह और उल्लास से लबरेज दिखाई दे रही थी । देश दुनिया में विख्यात लठामार रंगीली होली का आनंद उठाने को लाखों की संख्या में श्रद्धालु उमड आए। कस्बे की हर एक गली श्रद्धालुओं के आवागमन की चहल पहल की गवाह बनी। रंगीली गली में तो पैर रखने को भी जगह नहीं मिली। बालक, युवा और वृद्ध सभी का जोश देखते ही बन रहा था। सुबह से ही श्रद्धालुओं ने गहवर वन की परिक्रमा लगाना शुरू कर दिया। परिक्रमा के दौरान श्रद्धालु जोश व मस्ती से नाचते कूदते होली के भजन गाते चल रहे थे। श्रद्धालुओं ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

बरसाना कस्बे की गलियों में खडे स्थानीय लोगों ने परिक्रमा लगा रहे श्रद्धालुओं पर गुलाल और रंग की बारिश की। श्यामा श्याम मंदिर, गोपाल जी मंदिर, राम मंदिर, सांकरी खोर, विलास गढ, गह्वर वन, रस मंदिर, मोर कुटी, राधा सरोवर, मान गढ, दानगढ और कुशल बिहारी मंदिर से होते हुए परिक्रमार्थी लाडिली जी के मंदिर में पहुंचे। मंदिर में लोगों ने राधा रानी के चरणों में गुलाल भेंट किया। हुरियारिनें सुबह से ही होली की तैयारियों में जुटी हैं। हुरियारिनों का उत्साह देखते ही बन रहा है। आखिर साल भर जिस दिन का इंतजार रहता है वो आ पहुंचा है।

राधा रानी की लीलाओं में सहभागिता करने का मौका जो मिला है। खुद के भाग्य सराहती हुरियारिनें अपनी पंरपरागत पोशाक लंहगा चूनरी को पहन कर तैयार थी। कान्हा के सखा होली खेलने आते ही होंगे। सोमवार दोपहर करीब दो बजे नंदगांव से हुरियारों के टोल के टोल आने शुरु हो गए। हुरियारों की जोश और उमंग देखते ही बन रही है। धोती और बगलबंदी पहने हुरियारे कंधे पर ढाल रखे हुए हैं। ससुराल आने के चाव में ज्यादातर हुरियारे अपने मुखिया के नेतृत्व में पैदल ही ढाई कोस चले आए। नंद भवन से कान्हा की प्रतीक ध्वजा के पीछे पीछे हुरियारे नाचते झूमते गाते आये। मुख पसीना झलक रहा है लेकिन थकान कहीं भी दिखाई नहीं दे रही है। बरसाना में पहुंचते ही प्रिया कुंड पर सब इकठ्ठे हो गए।

'मुझे अपने ही रंग में रंग ले दिलदार सांवरे'
आईजी आगरा सहित डीएम और एसएसपी ने भी खेली होली

बरसाना के गोस्वामी समाज के मुखिया के नेतृत्व में हजारों बरसानावासी उनके स्वागत को जा पहुंचे हैं। भांग की ठंडाई में केवडा, गुलाबजल ओर मेवा घोल कर हुरियारों को पिलाई जा रही है। जो कभी भांग नहीं पीता वो हुरियारा भी आज भांग पिये बिना रह नहीं पाता। यहा पर हुरियारों ने अपने सिरों पर पाग बांधी हैं। प्रिया कुंड के घाटों पर सैकडों हुरियारे एक दूसरे के पाग बांध रहे हैं। जो छोटे बच्चे पहली बार होली खेलने आए हैं उनके पिता या दादा उनकी पाग बांध रहे है। ऐसा लग रहा है कि हुरियारा बनने की परंपरा का अगली पीढी को उत्तराधिकार दिया जा रहा है। प्रिया कुंड पर पाग बांधने के बाद हुरियारे लाडिली जी मंदिर की ओर चल दिए है।

दरसन दे निकरि अटा में ते दरसन दे गाते हुए हुरियारे मंदिर में प्रवेश कर गए। कान्हा की प्रतीक ध्वजा को मंदिर में किशोरी जी के पास रख दिया जाता है। जो इस बात का प्रतीक है कि नटवर नंद किशोर फाग खेलने के लिए बरसाना आ चुके हैं। मंदिर में दोनों गांवों के गोस्वामियों के मध्य संयुक्त समाज गायन किया गया। समाज गायन में दोनों पक्ष एक दूसरे पर प्रेम भरे कटाक्ष करने लगे। समाज गायन के बाद हुरियारे मंदिर से उतर कर रंगीली गली में आ पहुंचे। रंगीली गली में हुरियारिनें अपने द्वारों पर टोल बना कर खडी हुई है। हुरियारों ने उनको देखकर पंचम वेद के प्रचलित पदों का गायन शुरु कर दिया। जिसके बाद हुरियारिनें लाठियां लेकर हुरियारों पर पिल पडी। हुरियारों का बच के निकलना बडा मुश्किल हो गया। हुरियारिनों के लाठी प्रहारों को हुरियारों ने बडी कुशलता से अपनी ढालों पर झेलना शुरु कर दिया। एक ओर हुरियारिने पूरे जोश से लाठियां बरसा रही थी। वहीं हुरियारे किसी कुशल योद्धा की तरह सिर पर ढाल का आवरण रखे उछल उछल कर खुद को बचा रहे थे। इस आनंदपूर्ण दृश्य को देखने के लिए लाखों श्रद्धालु उमड रहे थे। लोग घंटो पहले से आस पास के मकानो की छतो, छज्जों आदि पर जमे थे कि लठामार की एक झलक देख सकें । यही है अनूठी और अलौकिक बरसाना की लट्ठमार होली जिसको शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता क्योंकि यह होली है ही इतनी आकर्षक कि लोग टकटकी लगाये देखते रहते है और बरबस ही कहने लगते है वाह क्या कहने इस राधा कृष्ण की प्रेम से ओतप्रोत होली के ।

इस आयोजन के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। पूरे क्षेत्र को 6 जोन और 12 सेक्टर में बांटा गया था। 2000 से ज्यादा पुलिस कर्मी तैनात किए गए हैं। कार्यक्रम स्थल और प्रमुख चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। ड्रोन से इलाके की निगरानी की जा रही थी। होली देखने को पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों डेरा जमा रहा। जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह और एसएसपी शैलेश पांडे ने बरसाने में कैंप कर पल पल पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। वहीं राधा बिहारी दास इंटर कालेज में ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा संस्कृति कार्यक्रम आयोजित किये गये। ब्रज के विकास और कान्हा की नगरी के पुराने अस्तिव को उभर कर ला रहे ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजा कांत और सीआईओ द्वारा कई माह से ब्रज की होली के लिये तैयारी कर रहे थे।

बरसाना के राधाबिहारी इंटर कालेज में ब्रज संस्कृति के रंग में रंगा रंगोत्सव

अशफाक चौधरी

मथुरा। विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा रंगोत्सव-2024 का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के दूसरे दिन सोमवार को बरसाना स्थित राधाबिहारी इण्टर कालेज परिसर सहित 19 मंचों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस दौरान कहीं मयूर नृत्य की धूम रही तो किसी मंच पर लोकगीतों के स्वर गूंजते हुए सुनाई दिए। बरसाना की होली खेलने आये लोगों ने रंगोत्सव कार्यक्रम का भरपूर आंनद उठाया।

बरसाना में लठामार होली से पहले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शृंखला ने देश विदेश से आए लोगों का मन मोह लिया। लोक कलाकारों की प्रस्तुतियां देखकर लोग खुद ही थिरकने लगे। महिला-पुरुषों के ग्रुप भी ब्रज की लोक संस्कृति के रंग में रंग गए। इस दौरान लोगों ने विभिन्न स्थानों पर बनाए सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी लेते हुए इस पल को यादगार बनाया। रंगोत्सव का मुख्य आयोजन राधाबिहारी इन्टर कालेज में बनाए गए मुख्य मंच पर रहा। जहां दो दिन से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम मची हुई है। हालांकि इसके अलावा बरसाना सहित अन्य जगहों पर 19 छोटे मंच भी बनाए गए हैं, जहां सांस्कृतिक प्रस्तुतियां ब्रज के कलाकारों ने दीं।

15 सेल्फी प्वाइंट बनाए

रंगोत्सव की कमान संभाल रहे विकास प्राधिकरण के ओएसडी प्रसून द्विवेदी ने बताया कि रंगोत्सव के अंतर्गत मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण ने 15 स्थानों पर सेल्फी प्वाइंट बनाए थे। इसके अलावा बरसाना की होली देखने आ रहे श्रदालुओं के स्वागत के लिए 23 प्रवेश द्वार भी थे जो रंगोत्सव में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए दिखाई दिए।

प्रमुख मंदिरों को सजाया गया

उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी एस बी सिंह के अनुसार बरसाना में श्रीजी मंदिर सहित जनपद भर के 15 प्रमुख मंदिरों में खास प्रकाश व्यवस्था की गई है। रात को इन मंदिरों की रोशनी देखते ही बनती है। देश विदेश से होली में शामिल हो रहे श्रद्धालुओं को मंदिरों की सजावट लुभा रही है। साथ ही बेरीकेडिंग, पार्किंग टॉयलेट्स एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था,खोया-पाया केन्द्र एवं सहायता बूथ संचालित किए गए।

दाखिला खारिज के मामले

छह माह में निपटाए जाएं : रजनीश दुबे

मथुरा। राजस्व परिषद के अध्यक्ष रजनीश दुबे ने आज मथुरा तहसील पर बारीकी से निरीक्षण किया और निर्देश दिए कि दाखिल खारिज के वर्षों पुराने मामलों को छह माह के अंदर निपटाया जाए। उन्होंने बताया कि 2004 से एक मामला लंबित चला आ रहा है जिसका निपटारा न होना तहसील प्रशासन के लिए अच्छा नहीं है। उन्होंने निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था पर संतोष जताया वहीं तहसील परिसर में एक वाटिका विकसित करने और सीएसआर फंड से तहसील परिसर में ठंडे पानी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने मथुरा तहसील को प्रदेश की महत्वपूर्ण तहसील बताते हुए कहा कि पुराने अभिलेखों का डिजिटाइलेशन न होने से कई बार परेशानियों का सामना लोगों को करना पड़ता है। प्रदेश सरकार की मंशा है शीघ्र ही इन दस्तावेजों का शीघ्र डिजिटाइलेशन कराया जाए। उन्होंने मथुरा तहसील की बकाएदारी में ढील पर नाराजगी जताई और कहा कि बड़े बकाएदारों यहां तक इंश्योरेंस कंपनियों पर भी राजस्व का बकाया है। जिसकी वसूली नहीं हो पा रही है। इसके लिए ठोस कार्यनीति तैयार की जाए। उन्होंने अमीनों सेवा पुस्तिकों के भी अवलोकन के बाद उसमें आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उत्तर प्रदेश राजस्व परिषद के अध्यक्ष आज मथुरा तहसील में बीस साल पुराने लंबित वाद अभी तक तय न होने पर नाराज नजर आए। उन्होंने ढाई घंटे तक पूरे परिसर का निरीक्षण किया और जल्द से जल्द पुराने मामलों को निपटाने के सख्त आदेश दिए।

वृंदावन में होली पर्व को लेकर नगर निगम फ्री बांटेगा गुलाल और कराएगा स्वल्पाहार

रंगभरनी एकादशी एवं होली पर्व पर नगर निगम की टीम 24 घंटे जनमानस की सेवा में रहेंगी उपलब्ध

अशफाक चौधरी

मथुरा। रंगभरनी एकादशी एवं होली के पर्व को दृष्टिगत रखते हुये जन सुविधार्थ नगर निगम के वृन्दावन-जोनल कार्यालय में 24ग्7 एक कन्ट्रोल रुम स्थापित किया गया है जिसका फोन नम्बर-7895473043 है। इस नम्बर पर कोई भी व्यक्ति पेयजल, सफाई, प्रकाश, सीवर आदि की शिकायत कर सकता है जिसका निस्तारण तत्काल किये जाने हेतु स्वास्थ्य विभाग, जलकल विभाग, निर्माण विभाग एवं प्रकाश विभाग के कर्मचारियों की एक-एक अतिरिक्त टीम गठित की गयी है।

निराश्रित गोवंश नहीं वितरण कर पाएंगे सड़कों पर, परिक्रमार्थियों की पेयजल की व्यवस्था हेतु 15 टैंकर होंगे खड़े

होली पर्व को सुव्यवस्थित तरीके से मनाने के संबंध में सोमवार को एक बैठक अपर नगर आयुक्त चन्द प्रकाश पाठक द्वारा वृन्दावन-जोन कार्यालय में अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ की गई। बैठक में उन्होंने निर्देश देते हुए बताया कि नगर आयुक्त शशांक चौधरी के सख्त आदेश है कि स्थानीय नागरिकों के साथ साथ बाहर से आने वाले श्रद्धालुओ को किसी भी प्रकार की होली पर्व पर परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। इसके लिए सम्पूर्ण परिक्रमा मार्ग का एक रुट मेप तैयार किया जाये जिसमें सप्त देवालयों तथा परिक्रमा मार्ग एवं छट्टीकरा तथा मथुरा वृन्दावन मार्ग में धूम रहे निराश्रित गोवंशों को 02 केटल कैचर के माध्यम से संरक्षित कर कान्हा पशु आश्रय गौशाला में पहुंचाया जाए एवं परिक्रमा मार्ग के लिंक गलियों में निराश्रित गोवंशों की रोकथाम हेतु एक कर्मचारी की ड्यूटी लगायी गयी है। सम्पूर्ण परिक्रमा मार्ग में ठा. बांकेबिहारी जी मन्दिर एवं वृन्दावन के प्रवेश मार्गो पर बैरियर व बैरिकेटिंग का कार्य किया जा रहा है तथा प्रमुख मन्दिरों को जाने वाले मार्ग एवं मुख्य मार्गो पर रोड मरम्मत/पैंच मरम्मत का कार्य तत्काल किये जाने हेतु नवीन गैंग तैनात की गयी है जो शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल कार्यवाही करेगी। साथ ही चीरघाट पर परिक्रमा को डायवर्ट किये जाने हेतु अस्थायी वैकेटिंग लगायी गयी है ताकि परिक्रमार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। निगम द्वारा रंगभरनी एकादशी पर परिक्रमा मार्ग में चार स्थानों पर स्टाल लगाकर श्रद्वालुओं/परिक्रमाथियो को निःशुल्क गुलाल वितरण एवं पेयजल उपलब्ध कराया जायेगा तथा सौ फुटा रोड के सामने वृन्दावन-मथुरा मार्ग पर बड़ा पण्डाल लगाकर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसमें जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के द्वारा श्रद्वालुओ को निःशुल्क स्वल्पाहार एवं गुलाल वितरण की व्यवस्था की गयी है।

अपर नगर आयुक्त श्री पाठक द्वारा जल निगम के अधिकारियों के साथ जल निगम द्वारा परिक्रमा मार्ग में किये जा रहे सीवर लाइन के मरम्मत कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जल निगम द्वारा किये जा रहे रोड़ मरम्मत, पेचवर्क एवं सीवर चैम्बर का कार्य आज रात्रि तक पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। बैठक में सहायक नगर आयुक्त अनुज कौशिक अधिशासी अभियन्ता (जल) रामकैलाश मुख्य सफाई निरीक्षक सुरेश चन्द सहायक अभियन्ता सिविल विक्रमाजीत प्रधान लिपिक श्रीगोपाल वशिष्ठ अवर अभियन्ता सिविल अरुण कुमार सफाई निरीक्षक सुभाषचन्द सफाई निरीक्षक नीरज गोपाल प्रसाद शर्मा निर्माण लिपिक राजेश रावत प्रकाश प्रभारी वृन्दावन-जोन राजकुमार सरस स्वास्थ्य लिपिक आदि कर्मचारी/अधिकारीगण उपस्थित रहें।

नंदगांव लाक स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का सफलतापूर्वक समापन

अशफाक चौधरी

मथुरा। परिषदीय विद्यालयों में आपसी सहयोग स्थापित करने हेतु ब्लाक स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला विकासखंड सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित की गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ बीईओ कैलाश प्रसाद शुक्ला एवं समस्त एआरपी गण व ग्राम प्रधानों ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती जी की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण करके किया।

तदोपरांत शैक्षिक गतिविधियों के माध्यम से बेसिक शिक्षा विभाग में सुधार हेतु समस्त एआरपी गणों ने सभी को क्रमवार सम्बोधित किया। मुख्य अतिथि बीईओ कैलाश प्रसाद शुक्ला ने बताया कि महानिदेशक महोदय उत्तर प्रदेश के निर्देशन में हमारे विभागीय उच्चाधिकारियों की प्रतिदिन गूगल मीटिंग होती है। उसमें यह आदेशित किया गया है कि सभी परिषदीय विद्यालयों में ग्राम प्रधान, प्रधानाध्यापक एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आपसी सहयोग से भाईचारे की भावना से प्रेरित होकर इस तरह मिलकर कार्य करें कि विधालयों में विकास कार्य के अलावा शैक्षिक स्तर में सुधार हो सके।इसी माध्यम को लेकर तीनों लोगों की आज ब्लाक स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला रखी गयी है। कार्यक्रम में दर्जनों ग्राम प्रधानों व एस.एम.सी. अध्यक्षों एवं प्रधानाध्यापकों ने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर सभी सहभागिता कर रहे लोगों को जलपान एवं भोजन व्यवस्था कराई गई।

सफलतापूर्वक समापन कार्यशाला में प्रतिभागियों ने आपसी सामंजस्य स्थापित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीईओ कैलाश प्रसाद शुक्ला एवं संचालन एआरपी राजेश कुमार ने किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों में बीईओ कैलाश प्रसाद शुक्ला , नोडल एआरपी राजेश कुमार, अन्य एआरपी गणों में योगेश कुमार, दिनेश कुमार , डा.प्रांशु शर्मा, ब्लाक संसाधन केंद्र पर कार्यरत कर्मचारियों के अलावा दर्जनों परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत प्रधानाध्यापक एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष व ग्राम पंचायत प्रधान, प्राथमिक शिक्षक संघ मथुरा के जिलाध्यक्ष लोकेश गोस्वामी आदि थे।

मथुरा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर दिया महिला यात्री ने बच्चे का जन्म

मथुरा। जंक्शन रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या दो पर सोमवार की सुबह महिला यात्री ने बच्चे को जन्म दिया। महिला का प्रसव कराने में दो महिला सफाई कर्मचारियों ने काफी मदद की। बाद में रेलवे चिकित्सक व स्टाफ ने महिला और बच्चे का परीक्षण करने के बाद उसे जिला चिकित्सालय भेज दिया। नेपाल के धनगढ़ी के मूल निवासी भीकूमल अपनी पत्नी सुष्मिता व एक अन्य साथी के साथ मुंबई के पनवेल में किसी होटल पर कुक का काम करते हैं। सुष्मिता के गर्भवती होने के दौरान भीकूमल ने उसे पनवेल में चिकित्सक को दिखाया। चिकित्सक ने उन्हें बताया था कि अप्रैल माह के अंत में सुष्मिता को बच्चा होगा।

भीकूमल पत्नी का प्रसव कराने के लिए नेपाल लेकर जा रहे थे। सोमवार की सुबह वह मंगला एक्सप्रेस से करीब 11 बजे जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या दो पर उतरे। उतरते ही सुष्मिता को प्रसव पीड़ा होने लगी। यह देख प्लेटफार्म पर मौजूद रेलवे की महिला सफाई कर्मचारी आशा व कौशल ने तुरंत महिला की मदद की और चादरें तान कर सुष्मिता का प्रसव कराया। सुष्मिता ने प्लेटफार्म पर ही स्वस्थ बेटे को जन्म दिया। प्लेटफार्म पर महिला का प्रसव होने की जानकारी मिलते ही टीटी रामप्रकाश व दिनेश कुमार मीणा वहां पहुंचे और रेलवे चिकित्सक डॉ. रिषभ चौधरी व नर्सिंग स्टाफ बलवीर भी मौके पर पहुंच गए। रेलवे चिकित्सक ने जच्चा-बच्चा दोनों का परीक्षण कर उन्हें स्वस्थ बताया। इसके बाद दोनों को सरकारी एम्बुलेंस के माध्यम से बेहतर देख भाल के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया।

जितेंद्र प्रजापति अध्यक्ष महानगर मथुरा वृंदावन कमेटी का हुआ गठन

प्रशस्ति पत्र देकर पदाधिकारियों को किया गया सम्मानित

अशफाक चौधरी

मथुरा। राधापुरम स्थित लोक दल कार्यालय पर राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज्यसभा सांसद माननीय जयंत चौधरी जी के दिशा निर्देश से डॉ अशोक अग्रवाल,जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह भरंगर, महानगर अध्यक्ष जितेंद्र प्रजापति के नेतृत्व में किया महानगर मथुरा वृंदावन कमेटी का गठन जिसमें पहली लिस्ट में 41 पदाधिकारी को प्रशस्ति पत्र देकर मनोनीत किया है। जितेंद्र प्रजापति ने कहा राजनीति दृष्टि से देखा जाए तो चारों विधानसभाओं के अपेक्षा मथुरा वृंदावन कमजोर रहा है लेकिन आज पहले लिस्ट के गठन में ही अग्रवाल समाज, ब्राह्मण समाज, चतुर्वेदी समाज, बघेल समाज मुस्लिम समाज, अनुसूचित समाज, कोली समाज, बीसी ओबीसी समाज सभी सर्व समाज को को आज महानगर मथुरा वृंदावन कमेटी मै स्थान दिया गया।

यह कारवां यहां तक सीमित नहीं रहेगा इस इस कारवा को निरंतर आगे बढ़या जाएगा और जल्दी से ही जल्द मथुरा वृंदावन में राष्ट्रीय लोकदल का शक्तिशाली संगठन खड़ा किया जाएगा इसी के साथ राष्ट्रीय लोक दल का हर एक कार्यकर्ता गठबंधन का धर्म निभाएगा और मथुरा लोकसभा की प्रत्याशी हेमा मालिनी जी को पूरे जोर शोर के साथ चुनाव लड़वाया जायेंगा बल्कि जितवाया भी जायेंगा। मनोनीत में उपाध्यक्ष बॉबी जादौन, दीपक चतुर्वेदी, मिलन पाठक, दिलीप जैन, हिमांशु भारद्वाज, सूरजपाल सिंह जाटव, करण चौधरी, पवन अग्रवाल, देवा चौधरी, ठाकुर प्रताप सिंह, महानगर महामंत्री गुड्डा पंडित, सागर चतुर्वेदी, रास बिहारी अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, कोषाध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल, महानगर सचिव विवेक बघेल, इमरान खान, इकबाल शाह,पीयूष सक्सेना, नरेंद्र गोला, देवेंद्र बघेल, दीपक गोला, गोपाल सैनी, निशांत चौधरी, सोनू खान जिननी खान, दीपू ठाकुर, हर्ष राजपूत जितेंद्र शर्मा, पवन ठाकुर, राम प्रधान, महानगर मीडिया प्रभारी अजीत चौहान चौहान, राम प्रधान, राहुल चौधरी, नवयुक्त पदाधिकारी बने।